

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (Ist ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 2 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 2 सितंबर का इतिहास

- **1973 :** अकबर ने गुजरात फतह किया।
- **1946 :** जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन हुआ।
- **1962 :** सोवियत संघ क्यूबा को हथियार देने पर राजी हुआ।
- **1999 :** भारतीय तैराक बुला चौधरी इंग्लिश चैनल में दो बार पार करने वाली प्रथम एशियाई महिला बनी।
- **1955 :** भारत के प्रसिद्ध विद्वान, साहित्यकार और शिक्षा शास्त्री अमरनाथ झा का निधन हुआ

## 2 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की समेत देशभर के 75 केंद्रों पर स्मार्ट इंडिया हैकाथान-2022 का शुभारंभ हो गया। आईआईटी रूड़की में देश के अलग-अलग 19 शैक्षणिक संस्थानों से विद्यार्थी व उन्हें सहयोग करने के लिए मेंटर भाग लेने के लिए पहुंच हैं। संस्थान की टिंकरिंग लैब में विद्यार्थी पांच दिन तक विशेषज्ञों की निगरानी में हार्डवेयर चुनौतियों का समाधान विकसित करेंगे।
- भारत की सबसे बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड को इस वर्ष भारत में 40 साल पूरे हो रहे हैं। इस उपलक्ष्य पर यह कंपनी गुजरात के गांधीनगर के महात्मा मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों गुजरात के दौरे पर हैं। यहां उन्होने भारत में जापानी कंपनी सुजुकी के 40 साल पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया।
- भारत नेपाल में वेस्ट सेती जलविद्युत परियोजना ओर सेती नदी जलविद्युत परियोजना का विकास करेगा। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 2.4 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। परियोजनाओं के परिणामस्वरूप कुल 1200 मेगावाट का उत्पादन होगा और यह चार जिलों में बजहांग, डोटी दडेलधुरा और अछाम में फैला होगा।
- एचडीएफसी बैंक ने टाटा समूह की कंपनी Tata Neu के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत ग्राहकों के लिए दो-Tata Neu HDFC बैंक क्रेडिट कार्ड, Tata Neu Infinity HDFC बैंक क्रेडिट कार्ड लॉन्च किए जाएंगे। अगर ग्राहक ऑनलाइन और इन-स्टोर दोनों तरह के खर्चो पर इस कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो न्यूकॉइन्स का रिवार्ड मिलेगा। ग्राहकों को ऑनलाइन ओर ऑफलाइन स्टोर से साझेदार टाटा ब्रांड्स से की गई खरीद पर टाटा न्यू प्लस एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड पर 2 प्रतिशत न्यूकॉइन मिलेगा।
- वर्तमान केंद्र सरकार के प्रमुख वित्तीय समावेशन कार्यक्रम प्रधानमंत्री जन धन योजना के आठ साल पूरे हो गए हैं। इस अवधि के दौरान सरकार इस योजना के जरिए कई लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रही है। बता दे इस योजना के बारे में पीएम मोदी ने 2014 में अपने पहले स्वतंत्रता दिवस संबोधन में घोषणा की थी।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 780 घटकों और उप प्रणालियों की एक नई सूची को मंजूरी दे दी है। जो घरेलू उद्योग से केवल छह साल की समय सीमा के तहत आयात पर प्रतिबंध लगने के बाद खरीदी जाएगी। यह तीसरी ऐसी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची है जिसमें विभिन्न सैन्य प्लेटफॉर्मो, उपकरणों और हथियारों के लिए उपयोग की जाने वाली लाइन प्रतिस्थापन इकाइयों, उप-प्रणालियों और घटकों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा आयात को कम करना है। उद्योग द्वारा उपकरणों, प्रणालियों, प्रमुख प्लेटफार्मो या उनके उन्नयन के डिजाइन और विकास से संबंधित परियोजनाओं को इस श्रेणी के तहत लिया जा सकता है।
- सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरूष युगल जोड़ी ने सेमीफाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हारने के कारण विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतकर अभियान का अंत किया।
- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पुडुचेरी में स्वच्छ सागर सुरक्षित अभियान के शभारंभ के अवसर पर स्वयंसेवकों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों के साथ कचरा उठाने के लिए हाथ मिलाया मंत्रालय और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विभाग पुडुचेरी ने संयुक्त रूप से अभियान का आयोजन किया।
- एलएसी पर चीन के साथ सैन्य गतिरोध तथा भविष्य के खतरे को देखते हुए भारतीय सेना अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस टैंक जोरावर खरीदने जा रही है। जोरावर का नाम भारत के प्राचीन समय के सेनानायक जोरावर सिंह कहलुरिया के नाम पर रखा गया है जिन्होंने लद्दाख, तिब्बत, बाल्टिस्तान और स्कदरू आदि को जीता था।
- वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को मदद तथा सहायक उपकरण वितरित करने के लिये नागपुर में एक सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया।
- एयरएशिया इंडिया सीएई की एआई प्रशिक्षण प्रणाली का उपयोग करने वाली पहली एयरलाइन बनी।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. हाल ही में तीनो प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले पहले प्लेयर कौन बने ?**

(A) रोहित शर्मा (B) विराट कोहली
(C) ऋषभ पंत (D) हार्दिक पांड्या

**(B)** विराट कोहली तीनों प्रारूप में 100 मैच खेलने वाले पहले प्लेयर बने। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2022 के पहले ही मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने इतिहास रच दिया। कोहली भारत की तरफ से टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत की तरफ से 100 मैच खेलने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए साथ ही वो क्रिकेट के तीसरे प्रारूपों में भारत के लिए 100 मैच खेलने वाले पहले प्लेयर बन गए।




**2. किस राज्य ने परिवार कल्याण कार्ड योजना लॉन्च की ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) आंध्र प्रदेश
(C) उत्तरप्रदेश (D) बिहार

**(C)** सरकार की योजना के मुताबिक उत्तर प्रदेश में कोई बेरोजगार नही बचेगा क्योंकि सरकार प्रदेश में बेरोजगारी की दर जानने के लिए आधार कार्ड की तर्ज पर परिवार कल्याण कार्ड जारी करने की योजना बना रही है। इस कार्ड पर भी आधार कार्ड की तरह 12 अंकों का नंबर अंकित होगा जिससे सरकार बेरोजगारी के आंकड़े जान सकेगी।




**3. हाल ही में किस देश की सरकार ने ई-चिप पासपोर्ट लांच करने की घोषणा की ?**

(A) भारत (B) जापान
(C) रूस (D) अमेरिका


**(A)** ई-चिप पासपोर्ट को वर्ष 2022 के अंत तक या जनवरी 2023 के पहले सप्ताह तक लांच किए जाने की संभावना है। इस पासपोर्ट में एक चिप में आवेदक का विवरण डिजिटल रूप से रखा जाएगा। यह भारतीय पासपोर्ट की सुरक्षा को अपग्रेड करेगा और मशीन रीडिंग को सक्षम करेगा।



**4. हाल ही में चीन परियोजना से हटने के बाद किन दो देशो में जलविद्युत संयंत्रों का निर्माण करेगा ?**

(A) नेपाल और भूटान (B) भारत और नेपाल
(C) रूस और अमेरिका (D) ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका

**(B)** भारत नेपाल में वेस्ट सेती जलविद्युत परियोजना ओर सेती नदी जलविद्युत परियोजना का विकास करेगा। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 2.4 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। परियोजनाओं के परिणामस्वरूप कुल 1200 मेगावाट का उत्पादन होगा और यह चार जिलों में बजहांग, डोटी दडेलधुरा और अछाम में फैला होगा।




**5. हाल ही में किस केंद्रीय मंत्रालय ने बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022 प्रकाशित किया है ?**

(A) कोयला मंत्रालय (B) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
(C) रक्षा मंत्रालय (D) वित्त मंत्रालय

**(B)** बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022 बैटरी नियम, 2001 की जगह लेगा, ताकि अपशिष्ट बैटरियों का पर्यावरणीय रूप से उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। यह नियम इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी, पोर्टेबल बैटरी, ऑटोमेटिव बैटरी और औद्योगिक बैटरी सहित सभी प्रकार की बैटरी को कवर करते है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. जूते और चमड़े के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जूता और चमड़ा उत्पाद नीति 2022 लॉन्च करने वाला भारत का पहला राज्य कौनसा बना है ?**

(A) झारखंड (B) तमिलनाडु
(C) हरियाणा (D) गुजरात

**(B)** इस नीति का उद्देश्य वर्ष 2025 तक तमिलनाडु राज्य में चमड़ा क्षेत्र में 20,000 करोड़ रूपये का निवेश आकर्षित करना और दो लाख लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। इसके साथ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रानीपेट के पानापक्कम में 400 करोड़ रूपये के विशाल जूता-चप्पल विनिर्माण पार्क की आधारशिला भी रखी है।



**7. हाल ही में किस योजना के अंतर्गत आधुनिक मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के विकास के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए है ?**

(A) अमृत योजना (B) भारतमाला परियोजना
(C) आधार योजना (D) भारत जोड़ो योजना

**(B)** भारतमाला परियोजना एक राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना हैं। इस योजना को 31 जुलाई 2015 को लांच किया गया था। इसके तहत नए राजमार्ग के अलावा इन परियोजनाओं को भी पूरा किया जाएगा जो अब तक अधूरे हैं।




**8. हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने डेटा भंडारण मानदंडो के अनुपालन के बाद किस बैंक के क्रेडिट कार्ड सेवा पर प्रतिबंध हटा दिया है ?**

(A) एक्सिस बैंक (B) इंडियन एक्सप्रेस
(C) बैंक ऑफ चाइना (D) अमेरिकन एक्सप्रेस

**(D)** भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉरपोरेशन पर लगी पाबदियों को हटा दिया है। साथ ही आरबीआई ने उसे अपने कार्ड नेटवर्क पर नये घरेलू ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति भी दे दी है। आरबीआई ने निर्देशों का अनुपालन नही करने को लेकर अमेरिकन एक्सप्रेस पर पाबंदी लगायी थी।




**9. नीति आयोग ने आधारभूत अवसंरचना के आधार पर किस शहर को पूरे भारत में सर्वश्रेष्ठ आकांक्षी जिले के रूप में घोषित किया है ?**

(A) हरिद्वार (उत्तराखंड) (B) इंदौर (मध्यप्रदेश)
(C) सांबा (जम्मू-कश्मीर) (D) कोल्लम (केरल)

**(A)** नीति आयोग ने उत्तराखंड के पवित्र शहर हरिद्वार को भारत के अन्य 112 आकांक्षी जिलों में से सर्वश्रेष्ठ आकांक्षी जिले के रूप में घोषित किया है। आकांक्षी जिलों की रैंकिंग 5 मानकों पर की जाती है, यह है-स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत अवसरंचना और वित्तीय समावेशन एवं कौशल आदि।



**10. 28वां अबूधाबी मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट 2022 किसने जीता है ?**

(A) अमीन तबाताबाएई (ईरान)
(B) अर्जुन एरिगेसी (भारत)
(C) डेविड एंटन गुईजारो (स्पेन)
(D) जावोखिर सिंदारोव (उज्बेकिस्तान)

**(B)** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने स्पेन के डेविड एंटन गुईजारो को हटाकर 28वां अबूधाबी मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंटी 2022 जीत लिया है। अर्जुन एरिगेसी नौवें ओर अंतिम दौर में स्पेनिश खिलाड़ी को हराकर 7.5 अंक से विजेता रहे है।

